


# करियर मार्गदर्शन

- प्रस्तुत अभिलेख में सुझाए गए किसी भी संस्थान/कोर्स में प्रवेश लेने से पूर्व किसी करियर सलाहकार से भली–भाँति सलाह लेकर जाँच कर लें। माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश किसी भी संस्थान/कोर्स के संचालन की जाँच नहीं करता हैं।

# कला वर्ग


ARTS


PERFORMING ARTS
FASHION DESIGNING
GRAPHIC DESIGNING
Journalism & Mass Communication
LAW
WRITER
EDUCATOR
PHOTOGRAPHY
ARTIST
INTERIOR DESIGNING
LIBRARIAN
MANAGEMENT
BACHELOR's Course
SPORTS

## राजभाषा ऑफिसर

इनकी नियुक्ति बैंक की सभी शाखाओं में होती है। वे विभिन्न आधिकारिक दस्तावेजों का अनुवाद भी करते हैं।

| | |
|---|---|
| परीक्षा | राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा |
| अर्हता | हिन्दी विषय के साथ अंग्रेजी में 10+2,स्नातक एवं परास्नातक या अंग्रेजी विषय के साथ स्नातक या संस्कृत विषय के साथ परास्नातक। |
| संस्थान | यह प्रशिक्षण राजभाषा विभाग के केंद्रीय हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान, उप संस्थानों और हिन्दी शिक्षण योजना के अन्तर्गत चल रहा है। |

## कंटेंट राइटर/एडिटर

इनका कार्य ब्लॉग लिखना व उसको एडिट करना होता है।

| | |
|---|---|
| कोर्स | वीडियो एडिटर, फोटोग्राफर, बीबीसी, डिज्नी इत्यादि फिल्म टी.वी. में कला स्नातक, मास मीडिया में परास्नातक |
| अर्हता | 10+2, हिन्दी या अन्य भाषाओं में, मास कम्युनिकेशन में डिग्री |
| संस्थान | कटेंट राइटिंग इंस्टीट्यूट, कोलकाता |
| परीक्षा | सरकारी एवं प्राइवेट संस्थानों द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाएँ |

## इंटरप्रिटर

इंटरप्रिटर का कार्य भी ट्रांसलेटर की तरह एक लैंग्वेज का दूसरे लैंग्वेज में अनुवाद करना होता है। इंटरप्रेटर लिखकर नहीं बल्कि बोलकर काम करते है।

| | |
|---|---|
| कोर्स | सर्टिफिकेट कोर्स, डिप्लोमा पाठ्यक्रम, स्नातक पाठ्यक्रम |
| अर्हता | 10+2 (भाषाओं के साथ) |
| संस्थान | • जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय. नई दिल्ली<br>• दिल्ली विश्वविद्यालय, नई दिल्ली<br>• मुम्बई विश्वविद्यालय, मुम्बई |
| परीक्षा | विभिन्न परीक्षाएँ– सरकारी एवं प्राइवेट संस्थानों द्वारा आयोजित |

## कोरियोग्राफी

कोरियोग्राफर प्रदर्शन, प्रस्तुतियों या कार्यक्रमों के लिए मूवमेंट और डांस सीक्वेंस को डिजाइन और निर्देशित करता है।

| | |
|---|---|
| कोर्स | परफॉर्मिंग आर्ट्स कोर्स, डिप्लोमा और सर्टिफिकेशन |
| अर्हता | 10+2 में नृत्य, नृत्य कला में स्नातक, नृत्य में मास्टर ऑफ परफार्मिंग आर्ट्स (एमपीए), नृत्य प्रशिक्षण। |
| संस्थान | • बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी<br>• मुम्बई विश्वविद्यालय, मुम्बई<br>• राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर<br>• तमिलनाडु ओपन विश्वविद्यालय, चेन्नई<br>• प्रो0 राजेन्द्र सिंह विश्वविद्यालय, प्रयागराज |

## सामाजिक कार्य

सामाजिक कार्य का मिशन 'मानव कल्याण को बढ़ाना और सभी लोगों की बुनियादी और जटिल जरूरतों को पूरा करने में मदद करना' है विशेष रूप से गरीब, उत्पीड़ित और सबसे कमजोर लोगों की।

| | |
|---|---|
| कोर्स | बैचलर ऑफ सोशल वर्क **(BSW),** मास्टर ऑफ सोशल वर्क **(MSW)** |
| अर्हता | 10+2, स्नातक एवं परास्नातक। |
| संस्थान | • कोलकाता विश्वविद्यालय, कोलकाता<br>• टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, मुंबई<br>• दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली<br>• जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय, नई दिल्ली |
| परीक्षा | केन्द्र व राज्य सरकार के विभिन्न परीक्षा संस्थान व निजी क्षेत्र के संस्थान द्वारा आयोजित परीक्षाएं। |

## फाइन आर्ट्स

फाइन आर्ट्स पेटिंग, ड्रॉइंग, मूर्तिकला, म्यूजिक, डांस, वास्तुकला और थियेटर का अध्ययन है।

| | |
|---|---|
| कोर्स | बी.एफ.ए. (बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स), मास्टर ऑफ फाइन आर्ट्स |
| अर्हता | 10+2, सीयूईटी, जेएमआई प्रवेश परीक्षा, एमएएच, एएसी, सीईटी, एनटीए |
| परीक्षा | टी.जी.टी., पी.जी.टी. |
| संस्थान | भारत के सभी प्रमुख राजकीय कॉलेज एवं विश्वविद्यालय<br>• जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय, नई दिल्ली<br>• इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज<br>• मुम्बई विश्वविद्यालय, मुम्बई<br>• अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़<br>• बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी |

## पुरातत्वशास्त्री

पुरातत्वशास्त्र वह विज्ञान है जो पुरानी वस्तुओं का अध्ययन व विश्लेषण करके मानव–संस्कृति के विकासक्रम को समझने एवं उसकी व्याख्या करने का कार्य करता है।

| | |
|---|---|
| कोर्स | पुरातत्व इतिहास या नृविज्ञान में तीन वर्षीय स्नातक<br>पुरातत्वशास्त्र में परास्नातक<br>संग्रहालय विज्ञान में स्नातक और परास्नातक |
| अर्हता | 10+2 इतिहास विषय के साथ, |
| परीक्षा | **CUET-UG (Common University Entrance Test)** और **CUET-PG** पुरातत्व कॉलेज में प्रवेश के लिये प्रवेश परीक्षायें है। |
| संस्थान | • मद्रास क्रिश्चियन कॉलेज, चेन्नई (आर्कियोलॉजी और म्यूजियोलॉजी)<br>• बनारस विश्वविद्यालय– प्राचीन इतिहास<br>• लखनऊ विश्वविद्यालय– प्राचीन इतिहास<br>• इसाबेला थॉर्बन कॉलेज, लखनऊ–प्राचीन भारतीय संस्कृति<br>• इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज– प्राचीन इतिहास<br>• महाराजा सैयाजी राव विश्वविद्यालय बड़ौदा गुजरात– अर्कियोलॉजी और प्राचीन इतिहास |

## संगीतकार / गायक / वादक

संगीत, फिल्म आर्ट और थियेटर का अभिन्न अंग है। स्वर संगीत में मानवीय आवाज का प्रयोग कर उस पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है। किसी वाद्य का उपयोग कर (जैसे–तबला, सितार, गिटार आदि) संगीत साधना करने को वाद्य संगीत कहते है। इसमें संगीत की उत्पत्ति, घराना आदि का अध्ययन किया जाता है।

| | |
|---|---|
| कोर्स | भारतीय संगीत में ऑनर्स स्नातक गायन / वादन, सितार / सरोद वायलिन / सन्तूर या कर्नाटक संगीत<br>संगीत में परास्नातक एम.फिल / पीएच.डी.। |
| अर्हता | 10+2 परीक्षा संगीत विषय में<br>10+2 चयनित वाद्य में<br>बीएड, **ITEP**, (चार वर्षीय स्नातक + **B. Ed.**) |
| परीक्षा | **CUET (Common University Entrance Test)** और **CUET PG** की प्रवेश परीक्षा, विभिन्न मान्यता प्राप्त विद्यालयों जैसे– भातखण्डे आदि की प्रवेश परीक्षाएं। |
| संस्थान | • इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज।<br>• दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली।<br>• लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।<br>• कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरूक्षेत्र। |

## होटल मैनेजमेंट

होटल मैनेजमेंट, हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री का एक व्यापक क्षेत्र है, जो होटल और अन्य आतिथ्य सेवाओं के प्रबन्धन से सम्बन्धित है। यह ग्राहकों को बेहतरीन अनुभव प्रदान करने, होटल के संचालन को सुचारू रूप से चलाने और लाभप्रद व्यवसाय बनाने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करता है।

| | |
|---|---|
| कोर्स | **B.Sc Hospitality and Hotel Adminstration-** 3 वर्षीय (हॉस्पिटैलिटी एण्ड होटल मैनजमेंट)<br>**B.A (Hons) in Hotel Management-** 4 वर्षीय (होटल मैनजमेंट)<br>**B.A (Hons) in Culinary Arts-** 4 वर्षीय (कल्निरी आर्ट्स)<br>**B.Tech (Hospitality management and Catering Tech.)-** 4 वर्षीय (हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट एण्ड कैटरिंग टेक.) |
| अर्हता | किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड / संस्थान से 10+2 या समकक्ष |

| | |
|---|---|
| परीक्षा | **JEE (IHM), CUET, CET-IP, CET-BVP** द्वारा प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की जाती है। |
| संस्थान | • **Institute Of Hotel Management, Catering & Nutrition, PUSA, New Delhi** (इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, केटरिंग एण्ड न्यूट्रीशन, **PUSA** ,नई दिल्ली)<br>• **State Institute of Hotel Management- Sidhpur, Gujrat** (स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, सिधपुर, गुजरात)<br>• **AIIMS Institute – Banglore** ( **AIIMS** इन्स्टीट्यूट , बंगलुरु)<br>• **Rizvi College of Hotel Management, Mumbai** (रिज़्वी कॉलेज ऑफ होटल मैनेजमेंट, मुम्बई)<br>• **Auro University – Surat** (ऑरो विश्वविद्यालय, सूरत, गुजरात) |
| करियर संभावनाएं | **Restaurants And Fast Food Outlets** (रेस्टोरेंटस एण्ड फूड आउटलेट्स)<br>**Indian Armed Forces** (इंडियन आर्मड फोर्सेज)<br>**Hospital Catering Services** (हास्पिटल केटरिंग सर्विसेज)<br>**Marketing Sales with Hotels** (मार्केटिंग सेल्स विद होटल्स)<br>**Shipping and Cruise lines** (शिपिंग एण्ड क्रूज लाइन्स)<br>**Entrepreneurship** आदि। |

## जन संचार एवं पत्रकारिता

जन संचार एक ऐसा माध्यम है जिससे बड़े पैमाने पर लोगों तक सूचना, विचार और संदेशों को पहुँचाया जाता है। जैसे कि समाचार–पत्र, रेडियो, टी.वी. और इंटरनेट इत्यादि। यह एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें विभिन्न मीडिया जैसे कि प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया का उपयोग करके अधिक से अधिक दर्शकों तक पहुँचने के तरीके पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| कोर्स | BMM (Bachelor of Mass Media)- 3 वर्षीय (बैचलर ऑफ मास मीडिया)<br>BMC (Bachelor in Mass Communication) - 3 वर्षीय (बैचलर इन मास कम्युनिकेशन)<br>BMS (Bachelor in Media Studies) - 3 वर्षीय (बैचलर इन मीडिया स्टडीज)<br>BJMC(Bachelor in Journalism and Mass Communication)- 3 वर्षीय (बैचलर इन जर्नलिज्म एण्ड मास कम्युनिकेशन) |
| अर्हता | किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्थान से 10+2 या समकक्ष |
| परीक्षा | CUET, DU- Entrance Test, MU-OET |
| संस्थान | • St Xavier's Mumbai (संेंट जेवियर्स मुम्बई)<br>• SET (Symbiosis University, Pune) (सिम्बोयसिस यूनिवर्सिटी, पुणे)<br>• Christ University, Bengaluru (क्राइस्ट यूनिवर्सिटी, जयपुर)<br>• Manipal University,Jaipur (मनिपाल यूनिवर्सिटी, जयपुर)<br>• Indraprasth College of Women, New Delhi (इन्द्रप्रस्थ कॉलेज ऑफ वुमेन, नई दिल्ली)<br>• Allahabad University, Uttar Pradesh (इलाहाबाद विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश) |

| | |
|---|---|
| | • IJMC, JNU Campus, New Delhi(आई.जे.एम.सी., जे.एन.यू. कैम्पस, नई दिल्ली)<br>• Jamia Milia Islamia, New Delhi (जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली) |
| करियर संभावनाएं | Anchor, Reporter, Journalist, Correspondent, Editor, Copy writer,Author Creative writer, Radio, Television, Print Media इत्यादि। (एंकर, रिपोर्टर, जर्नलिस्ट, कॉरेस्पॉडेन्ट, एडिटर, कॉपी राइटर, ऑथर क्रिएटिव राइटर, टेलीविजन, रेडियो, प्रिंट मीडिया आदि) |

## एडवर्टाइजिंग

यह मुख्य रूप से मांग को बढ़ाने, मार्केटिंग को प्रोत्साहित करने और उत्पादक एवं उपभोक्ताओं के मध्य एक सीधा संपर्क स्थापित करने का कार्य करता है। विज्ञापन का पूरा उद्देश्य उत्पादों और सेवाओं को खरीदने के लिए जनता को प्रभावित करना है। विज्ञापन टी.वी., इंटरनेट, समाचार–पत्र, पत्रिकाओं, आउटडोर, प्रचार आदि के माध्यम से किया जाता है।

| | |
|---|---|
| कोर्स | **B.A. (Advertising, Sales Promotion And Sales Management )**<br>**BJMC(Bachelor in Journalism and Mass Communication)**<br>**PG Diploma in Advertising And Photography** |
| अर्हता | 10+2 / स्नातक (मास कम्युनिकेशन) |
| परीक्षा | केन्द्र व राज्य सरकार के विभिन्न परीक्षा संस्थान व निजी क्षेत्र के संस्थान द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षाएं। |
| संस्थान | • **Indian Institute Of Mass Communication, JNU Campus, New Delhi**(इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन, जे.एन.यू. नई दिल्ली)<br>• **Xavier Institute of Mass Communication, Mumbai** (जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन, मुम्बई) |

# अन्य करियर क्षेत्र

➢ **प्रशासनिक/शासकीय सेवाएं–** प्रशासनिक/शासकीय सेवाओं में करियर क्षेत्र व्यापक और विविध है जो सरकारी क्षेत्रो में उपलब्ध हैं। प्रशासनिक सेवा में करियर विभिन्न स्तरों पर उपलब्ध है जिसमें स्थानीय, राज्य और केंद्रीय सरकार सम्मिलित है। भारतीय प्रशासनिक सेवा, राज्य प्रशासनिक सेवा, केंद्रीय प्रशासनिक सेवा, प्रशासनिक सहायक आदि करियर क्षेत्र हैं।

| | |
|---|---|
| अर्हता | किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्थान से 10+2, किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि या समकक्ष। |
| परीक्षा | UPSC (Union Public Service Commission)<br>SPSC (State Public Service Commission)<br>RRB (Railway Recruitment Board)<br>SSC (Staff Selection Commission) इत्यादि के द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाएं। |

➢ **लॉ (Law)–** एक स्नातक डिग्री प्रोग्राम है जो कानून के अध्ययन पर केंद्रित है। इसमें कानून के विभिन्न पहलुओं जैसे अनुबंध कानून, अपराध कानून, नागरिक कानून, संपत्ति कानून, कॉर्पोरेट कानून और संवैधानिक कानून आदि का अध्ययन सम्मिलित है।

| | |
|---|---|
| कोर्स | B.A (Hons) LLB- 5 वर्षीय<br>B.Com (Hons) LLB- 5 वर्षीय<br>B.B.A. (Hons) LLB- 5 वर्षीय<br>B.L.S. (Hons) LLB- 5 वर्षीय<br>B.Sc. (Hons) LLB- 5 वर्षीय<br>B.Tech. LLB- 6 वर्षीय |
| अर्हता | 10+2<br>किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि या समकक्ष। |
| परीक्षा | CLAT, AILET, CUET इत्यादि प्रवेश परीक्षाओं के द्वारा प्रवेश लिया जा सकता है। |
| संस्थान | • University of Allahabad, Uttar Pradesh (इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज)<br>• M S Ramaiah College of Law- Banglore(एम0एस0 रमैया, कॉलेज ऑफ लॉ, बंगलुरू)<br>• South Calcutta Law College – Kolkata(दक्षिण कलकत्ता लॉ कॉलेज, कोलकाता)<br>• University College of Law, Banglore University - Banglore(यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ लॉ, बंगलुरु विश्वविद्यालय)<br>• Banasthali Vidhyapeeth- Jaipur(बनस्थली विद्यापीठ, जयपुर) |

| | |
|---|---|
| करियर संभावनाएं | • Legitation, Corporate Law, Social work, Research and Academics, International Organization Judiciary, Legal Process outsourcing (LPO) (लेजीटेशन, कॉरपोरेट लॉ, स्पेशल वर्क, रिसर्च एवं एकेडमिकस, इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन, ज्यूडिसिरी, लीगल प्रोसेस आउटसोर्सिंग इत्यादि।) |

➢ शिक्षण क्षेत्र (Teaching Field)– शिक्षक का मुख्य उद्देश्य होता है छात्रों को सशक्त एवं एक बेहतर नागरिक बनाने के लिए प्रेरित करना। शिक्षण क्षेत्र केवल एक करियर क्षेत्र ही नहीं है अपितु एक सेवा है जो राष्ट्र के भविष्य का निर्माण करते हैं। उनका ज्ञान, धैर्य और समर्पण ही छात्रों को सफलता के मार्ग पर प्रशस्त करता है।

| | |
|---|---|
| कोर्स एवं अर्हता | सहायक अध्यापक–10+2+स्नातक,डी0एल0एड0/बी.एड./बी.टी.सी/बी.पी.एड/**ITEP**<br>प्रवक्ता–परास्नातक + बी.एड/एकीकृत बी.एड/एम.पी.एड/एम.एड.<br>असिस्टेंट प्रोफेसर– परास्नातक + **NET/JRF** /पी.एच.डी. |
| परीक्षा | **PRT. T.G.T. ,P.G.T, T.E.T., Asst. Prof.** परीक्षा इत्यादि। |
| संस्थान | मान्यता प्राप्त विभिन्न राजकीय एवं निजी संस्थान |